चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut
(सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रुम)
C.C.T.V Control Room

Ref : cctv/26/37 Date : 17.03.2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक
समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः— सीसीटीवी डी0वी0आर0 लिंक एवं परीक्षा उपरान्त प्रतिदिन उपस्थिति/अनुपस्थिति/ UFM में संलिप्त रिपोर्ट भेजने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

संज्ञान लें कि निदेशक (उच्च शिक्षा) उत्तर प्रदेश शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग प्रयागराज के पत्रांक संख्या डिग्री विकास/2129/2025—26 दिनांक 13.11.2025 के द्वारा विश्वविद्यालय की परीक्षा समाप्ति के उपरान्त छात्र/छात्राओं की प्रतिदिन रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाती है। समस्त परीक्षा केन्द्रों को निर्देशित किया जाता है कि प्रतिदिन सम्पन्न होने वाली परीक्षा की रिर्पोट विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए पोर्टल https://ccsums.ccsuniversity.ac.in पर प्रति पाली समाप्ति के तुरन्त बाद अपलोड करना सुनिशचित करें जिससे कि उक्त रिर्पोट को कन्ट्रोल रूम द्वारा सकंलित कर शासन को ससमय प्रेषित किया जा सकें।

1. आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए पोर्टल https://ccsums.ccsuniversity.ac.in पर अपने परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित/अनुपस्थित/UFM में संलिप्त परीक्षार्थियों की रिपोर्ट प्रतिदिन अपलोड करना सुनिश्चित करें। यदि किसी परीक्षा केन्द्र के पास दैनिक रिपोर्ट पोर्टल सम्बन्धी पासवर्ड नहीं है तो वह कन्ट्रोल रूम की मेल आई—डी0 universitycctv@gmail.com पर अपने **परीक्षा केन्द्र का नाम, कॉलेज कोड, मेल आई०डी० एवं मोबाईल नं०** भेज कर अपना पासवर्ड प्राप्त कर लें।
2. प्रत्येक परीक्षा केन्द्र अपने यहाँ कम से कम 100Mbps के इन्टरनेट का कनेक्शन आवश्यक रुप से लेना सुनिश्चित करें।
3. प्रत्येक परीक्षा केन्द्र STATIC IP/DNS के द्वारा ही CCTV/DVR का LINK विश्वविद्यालय कन्ट्रोल रूम की ई0मेल आईडी universitycctv@gmail.com पर उपलब्ध कराये, जिससे वीडियों की कनेक्टिविटी एवं गुणवत्ता सही रहें।
4. प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो कैमरे होने चाहिए जो वाइस (आवाज) रिकार्डिंग युक्त हो, कैमरे केवल फुल एच0डी0 ही होना अनिवार्य है।

(प्रो0 अनुज कुमार)
समन्वयक
सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रूम

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः
1— व्यैक्तिक सहायक, कुलपित को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2— व्यैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3— उप कुलसचिव (परीक्षा), को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित।

(प्रो0 अनुज कुमार)
समन्वयक
सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रूम

परीक्षा नियंत्रक